an>

Title: Need to set up institutes of higher education in Chitrakoot district under Banda Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : माननीय अध्यक्ष महोदया, मेरे चित्रकूट जनपद में छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पूरे जनपद में उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए न तो कोई मेडिकल कालेज है, न ही इंजीनियरिंग कालेज है और न ही कृषि महाविद्यालय है। कानून की पढ़ाई में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए भी कोई लॉ कालेज नहीं है। उन सभी छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर जनपदों में जाना पड़ता है, जिससे गरीब एवं मध्यम परिवार के छात्र एवं छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रही हैं। सक्षम परिवार के छात्र तो दूर-दराज के गांवों में पढ़ लेते हैं, लेकिन कमजोर तबके के छात्र एवं छात्राओं को उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ रहा है। इससे तमाम प्रतिभाएं कुंठित हो रही हैं। यहां तक कि जिला मुख्यालय कर्वी में एक मात्र राजकीय डिग्री कालेज है। वहां पर भी 700 की संख्या में छात्र एवं छात्राएं हैं, जबकि अध्यापक केवल एक है। ...(व्यवधान) इस तरह से वहां पर उच्च शिक्षा की दुर्दशा है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एक केन्द्रीय विद्यालय खोला गया है, लेकिन उसमें भी भवन नहीं है। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी।

श्री भैरों प्रसाद मिश्र : विद्यालय में छात्र टाट-पट्टी में बैठकर पढ़ रहे हैं। ...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आपकी बात पूरी हो गयी है, इसलिए इतना लंबा-चौड़ा बताने की जरूरत नहीं है।